# एसजेवीएन लिमिटेड

**(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)**
कारपोरेट कार्यालयःहिमफेड बिल्डिंग, न्यू शिमला (हि.प्र.)-171009
ईपीएबीएक्सः0177-2670741, 2670064, 2670490, 2670521 – फैक्सः2670542
वेबसाइट पताः www.sjvn.nic.in, ई-मेल आईडी recruitment@sjvn.nic.in; recruit_sjvn@yahoo.in
सीआईएन नं. एल 40101 एचपी1988 जीओआई 008409


## विकलांग व्यक्तियों के लिए विशेष भर्ती अभियान

**विज्ञापन संख्या 77/2015** **आवेदन की अंतिम तिथिः 31 दिसंबर,2015**

**एसजेवीएन लिमिटेड** एक मिनी रत्न अनुसूची "ए" सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। यह हिमाचल प्रदेश में 1500 मेगावाट के नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन तथा 412 मेगावाट के रामपुर जलविद्युत स्टेशन एवं खिरवीरे में 47.6 मेगावाट के पवन विद्युत स्टेशन की सफल कमीशनिंग के बाद विकास, प्रचालन एवं अनुरक्षण हेतु इसको आबंटित लूहरी में 601 मेगावाट, धौलासिद्ध में 66 मेगावाट, उत्तराखण्ड में 363 मेगावाट और नेपाल में 900 मेगावाट अरुण-III एवं भूटान में 1170 मेगावाट के साथ देश में बड़े विद्युत उत्पादक के रूप में उभर रहा है। एसजेवीएन बक्सर में 1320 मेगावाट ताप विद्युत तथा सौर ऊर्जा उत्पादन के साथ पारेषण व्यवसाय में भी विविधीकरण कर रहा है। कंपनी विकलांग श्रेणी से संबंधित इच्छुक उम्मीदवारों से निम्नलिखित **cSdykWx** पदों को भरने के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित करती हैः

## आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं पदों की संख्या

### कार्यपालक प्रशिक्षु/ई 2 (अखिल भारतीय अभ्यर्थियों के लिए खुली भर्ती)

| विधा | पदों की संख्या/श्रेणी (cSdykWx पद) | अपेक्षित अर्हता | वेतनमान | अंकों का प्रतिशत | अधिकतम आयु (आवेदन की अंतिम तिथि को) |
|---|---|---|---|---|---|
| जनसंपर्क | 1 पद (वीएच श्रेणी-बी, एलवी) | भारत के मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से पत्रकारिता अथवा जनसंपर्क अथवा जनसंचार में पूर्णकालिक दो वर्षीय स्नात्तकोत्तर डिप्लोमा सहित स्नातक | 20600-3%-46,500/- रुपए | निर्धारित योग्यता के कुल योग में न्यूनतम 50% अंक | 40 वर्ष (अनु.जा./अनु.ज.जा. को 5 वर्षों तथा अ.पि.वर्ग(एनसीएल) को 3 वर्षों की छूट) |
| पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन | 1 पद (वीएच श्रेणी-बी, एलवी) | भारत के मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से ग्रामीण प्रबंधन अथवा सामाजिक कार्य में पूर्णकालिक दो वर्षीय स्नोत्तकोत्तर डिग्री सहित स्नातक | | | |

**वीएच-दृष्टि अपंगता, एलवी-कम दृष्टि, बीः नेत्रहीन**

**प्रतिपूर्ति पैकेज**

एक वर्ष की प्रशिक्षण अवधि के दौरान, कार्यपालक प्रशिक्षुओं को कैफेटेरिया के तहत मूल वेतन के 47% तक भत्तों सहित 20600/- रुपए मूलवेतन तथा आईडीए मिलेगा। वे वर्तमान कंपनी नियमों के अनुसार अन्य सुविधाओं और संलाभों जैसेः निष्पादन संबंधी वेतन, विदेश प्रतिपूरक भत्ता, वर्दी, शिफ्ट भत्ता, एचआर/कंपनी लीज आवास, चिकित्सा संलाभ आदि के लिए भी पात्र होंगे। प्रशिक्षण अवधि को सफलतापूर्वक पूरा करने पर उन्हें ई 2 ए स्तर पर नियमित वेतनमान 24900-50500/- पर नियमित किया जाएगा तथा एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे।

**चयन प्रक्रियाः**

पात्र अभ्यर्थियों को अखिल भारतीय लिखित परीक्षा से गुजरना होगा। लिखित परीक्षा के निष्पादन के आधार पर ग्रुपचर्चा एवं वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की छंटनी होगी।

**लिखित परीक्षाः**

परीक्षा दो भागों में होगी। भाग-I संबंधित विधा के 120 बहु विकल्प प्रश्नों से युक्त होगा तथा भाग-II कार्यकारी अभिक्षमता के 30 बहु विकल्प प्रश्नों से युक्त होगा। पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के स्थान तथा तारीख के बारे में अलग से सूचित किया जाएगा।

**ग्रुप चर्चा एवं वैयक्तिक साक्षात्कार**

योग्यता तथा आवश्यकता के आधार पर लिखित परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को अलग से सूचित किया जाएगा तथा उन्हें कंपनी के केन्द्रीय चयन बोर्ड के समक्ष ग्रुप चर्चा तथा वैयक्तिक साक्षात्कार से गुजरना होगा।

**आवेदन की विधिः**

पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को एसजेवीएन की वेबसाइट www.sjvn.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करना होगा। **किसी अन्य माध्यम/तरीके से आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

वेबसाइट पर आवेदनों के पंजीकरण से पहले अभ्यर्थी निम्नलिखित पर ध्यान दें :

क) वैध ई-मेल आईडी तथा मोबाईल नंबर, जो कम से कम एक वर्ष तक वैध रहना चाहिए।

ख) व्यक्तिगत विवरण तथा शैक्षणिक योग्यता विवरण।

ग) अभ्यर्थियों के पास नवीनतम पासपोर्ट साईज के स्कैन किए हुए फोटोग्राफ्स के साथ-साथ डिजिटल फार्मेट (केवल जेपीजी या जेपीईजी फाईल में 500 केबी साईज से कम) में हस्ताक्षर का फोटोग्राफ आवेदन पत्र के साथ अपलोड करने के लिए।

घ) ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात अभ्यर्थी को एकमात्र पंजीकरण संख्या उसके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजी जाएगी। अभ्यर्थियों को इस एकमात्र पंजीकरण संख्या को सुरक्षित रखना होगा जिसकी आवश्यकता लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के समय पड़ेगी।

## कामगार प्रशिक्षु/डब्ल्यू-3 (केवल हिमाचल प्रदेश राज्य से संबंधित उम्मीदवारों के लिए)

| विधा/ आरंभिक स्तर | पदों की संख्या/ के लिए आरक्षित (cSdykW x पद) | अपेक्षित अर्हता | स्तर/वेतनमान | अधिकतम आयु (आवेदन की अंतिम तिथि को) |
|---|---|---|---|---|
| सहायक प्रशिक्षु(डब्ल्यू 3) | 2 पीडब्ल्यूडी (केवल एचएच) | अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट तथा हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट की गति से टाईपिंग सहित मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से किसी भी विधा में स्नातक | डब्ल्यू-3 के लिए 11,500-3%-26000/- रुपए | 39 वर्ष (अनु.जा./अनु.ज.जा. को 5 वर्षों तथा अ.पि.वर्ग(एनसीएल) को 3 वर्षों की छूट) |

*नोटः*

1. *इस विज्ञापन के तहत सहायक प्रशिक्षु(डब्ल्यू-3) के पद हेतु केवल वह अभ्यर्थी ही आवेदन के लिए पात्र हैं जो हिमाचल प्रदेश राज्य के अधिवासी हैं। आवेदन-प्रपत्र के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिवासी प्रमाण-पत्र को अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाना चाहिए।*
2. *उम्मीदवार द्वारा एक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण करने (हिंदी अथवा अंग्रेजी) तथा अन्य दक्षता परीक्षा में असफल होने के मामले में एवं उसका समग्र निष्पादन के आधार पर चयन होने पर प्रशिक्षुता अवधि के दौरान आवश्यक दक्षता प्राप्त करने के अध्यधीन अस्थायी नियुक्ति की जाएगी जिसमें असफल रहने पर उसकी सेवाओं को निरस्त किया जा सकता है।*
3. *हिमाचल प्रदेश में एसजेवीएन लिमिटेड की विभिन्न परियोजनाओं के परियोजना प्रभावित परिवारों के पात्र अभ्यर्थियों को प्रथम वरीयता प्रदान की जाएगी।*

**प्रतिपूर्ति पैकेजः**

चयनित अभ्यर्थियों को एक साल की प्रशिक्षण अवधि के दौरान नियुक्ति की प्रथम तिमाही में यथा प्रयोज्य प्रतिमाह 11,500/- रुपए के मूल वेतन प्लस महंगाई भत्ते (मूल वेतन पर) से युक्त समेकित स्टाइपेंड अदा किया जाएगा। पक्का होने पर उक्त पद के लिए मूल वेतन, आईडीए तथा कैफेटेरिया पैकेज के तहत भत्तों के अतिरिक्त एचआरए तथा कंपनी आवास, विशेष ड्यूटी भत्ता, दुर्गम क्षेत्र भत्ता, वर्दी, अवकाश प्रतिपूर्ति, एचबीए, बहुउद्देश्यीय अग्रिम, व्यापक सामाजिक सुरक्षा एवं बीमा, उदार चिकित्सा सुविधाएं, ग्रेच्यूटी, पीएफ आदि (वर्तमान कंपनी नियमों के अनुसार) जैसे आकर्षक भत्ते एवं लाभ हैं।

**चयन प्रक्रियाः**

अभ्यर्थियों को छंटाई परीक्षा (लिखित परीक्षा) तथा ट्रेड परीक्षा (टाईपिंग परीक्षा) की प्रक्रिया से गुरना होगा। टाईपिंग परीक्षा को टाईपराईटर के स्थान पर कंप्यूटरों पर लिया जाएगा।

**आवेदन विधि**

1. अभ्यर्थी अनिवार्यतः एसजेवीएन द्वारा तैयार सामान्य आवेदन-प्रपत्र में आवेदन करें।
2. इस आवेदन के संबंध में विचार किए जाने के इच्छुक पात्र अभ्यर्थी हमारी वेबसाइट www.sjvn.gov.in से आवेदन प्रपत्र डाऊनलोड कर सकते हैं। विकल्पतः, अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन प्रपत्र के लिए साधारण डाक से एक लिफाफे (12 सें.मी.X27 सें.मी.) जिस पर उनका पता लिखा हो और 10/- रुपए के डाक टिकट विधिवत चिपकाया हुआ, में आवेदन निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं या व्यक्तिगत रूप से प्राप्त कर सकते हैं।
3. आयु, शिक्षा, रोजगार कार्ड, अनुभव, अनु.जा./अनु.ज.जाति/अ.पि.वर्ग/पीडब्ल्यूडी इत्यादि के साक्ष्य के रूप में प्रमाण-पत्रों की साक्ष्यांकित प्रतिलिपियों सहित आवेदन-पत्र **अपर महाप्रबंधक (का.एवं प्रशा.), भर्ती प्रकोष्ठ, एसजेवीएन लिमिटेड, हिमफेड भवन, न्यू शिमला-171009 (हि.प्र.)** को **केवल साधारण डाक से** भेजे जाएं। लिफाफे पर "विज्ञापन सं.", "श्रेणी " एवं "आवेदित पद " उल्लिखित हो और यह आवेदन की अंतिम तिथि को अथवा पहले पहुंच जाएं।
4. अभ्यर्थियों को साफ तौर पर यह बताया जाता है कि किसी अपूर्ण आवेदन-पत्र, उनके आवेदन-पत्रों की अप्राप्ति या किसी भी कारण से उनकी प्राप्ति में हुए किसी विलम्ब के लिए एसजेवीएन किसी भी स्थिति में जिम्मेदार नहीं होगा। अंतिम निर्धारित तिथि के बाद किसी भी आवेदन-पत्र पर किसी भी हालत में विचार नहीं किया जाएगा तथा देर से प्राप्त हुए सभी पत्र एकदम अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अतः अभ्यर्थी ये यकीनी बनाएं कि उक्त पते पर उनके आवेदन पत्र आवेदन की अंतिम निर्धारित तिथि को या पहले प्राप्त हो जाएं।
5. अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र अंतिम तिथि से पहले उक्त पते पर सिक्यूरिटी काउंटर पर व्यक्तिगत रूप से भी दे सकते हैं। एसजेवीएन के किसी अन्य कर्मचारी को दिए गए आवेदन पत्रों के लिए एसजेवीएन जिम्मेदार नहीं होगा।

## रियायतें एवं छूटें

**आयु**

सामान्य श्रेणी पीडब्ल्यूडी के लिए ऊपरी आयु में 10 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग-पीडब्ल्यूडी के लिए 13 वर्ष तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति श्रेणी के पीडब्ल्यूडी को 15 वर्षों की छूट है। ऐसी छूट की अनुमति के बाद उपरोक्त पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को ऊपरी आयु सीमा इस प्रकार होगीः

| श्रेणी | सामान्य-पीडब्ल्यूडी | अ.पि.वर्ग-पीडब्ल्यूडी | अनु.ज.जा.-पीडब्ल्यूडी | अनु.जा.-पीडब्ल्यूडी |
|---|---|---|---|---|
| कार्यपालक प्रशिक्षु | 40 वर्ष | 43 वर्ष | 45 वर्ष | 45 वर्ष |
| कामगार प्रशिक्षु | 39 वर्ष | 42 वर्ष | 44 वर्ष | 44 वर्ष |

**अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए (गैर-क्रीमी लेयर)**

ऊपरी आयु-सीमा में छूट केवल उन अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों के लिए है जो "गैर-क्रीमीलेयर" से संबंधित हैं।
ऐसे उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा चालू वर्ष में जारी किए गए अपेक्षित प्रमाण-पत्र को साक्षात्कार, यदि बुलाया जाए, के समय प्रस्तुत करना होगा।
अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवार के रूप में जो "क्रिमी लेयर" से संबंधित हैं, अन्य पि.वर्ग छूट के लिए पात्र नहीं है तथा उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी "सामान्य" सूचित करनी है।

**आवेदन शुल्क**

कोई भी आवेदन शुल्क देय नहीं है। हालांकि, यदि अभ्यर्थी को साक्षात्कार/ट्रेड परीक्षा के लिए बुलाया जाता है तो वह भारत सरकार द्वारा विहित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी पीडब्ल्यूडी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेगा।

**जम्मू एवं कश्मीर उम्मीदवारों को छूट:**

जम्मू एवं कश्मीर राज्य से दिनांक 01.01.80 से 31.12.89 तक सामान्यतः अधिवासित उम्मीदवारों को ऊपरी आयु-सीमा में 5 वर्ष की छूट है।

**भूतपूर्व सैनिकों के लिए छूट**

भूतपूर्व सैनिकों की आयु सीमा में छूट भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप होगी।

**सेवा समझौता अनुबंध**

इस श्रेणी के तहत चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने तथा इसके पश्चात कंपनी में कम से कम 3 वर्षों तक कार्य करने के लिए 1,25,000 रुपए का सेवा समझौता अनुबंध निष्पादित करना होगा जबकि कामगार श्रेणी के तहत चयनित अभ्यर्थियों को 30,000/- रुपए का सेवा समझौता अनुबंध निष्पादित करना होगा।

## सामान्य शर्तें:

1. उपरोक्त सभी पद सभी श्रेणियों जैसे सामान्य, अनु.जा., अनु.ज.जा. तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के **विकलांग उम्मीदवारों** के लिए हैं।
2. केवल वे उम्मीदवार उपरोक्त संदर्भित पदों के लिए पात्र हैं जो स्थायी रूप से न्यूनतम 40 प्रतिशत विकलांग हैं तथा जो उम्मीदवार आरक्षण का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार निर्धारित प्रपत्र पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. उम्मीदवार की आयु विज्ञापन में दी गई आवेदन की अंतिम तिथि को उपरोक्त निर्धारित ऊपरी आयु-सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4. चयनित प्रशिक्षुओं को विभिन्न स्थानों पर एक वर्ष के प्रशिक्षण से गुजरना होगा। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के पश्चात अंतिम तैनाती स्थल आबंटित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को भारत अथवा विदेश में कहीं पर भी, एसजेवीएन की परियोजनाओं/स्टेशनों अथवा कार्यालयों में किसी भी कार्य के लिए तैनात किया जा सकता है।
5. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करे कि वह इस विज्ञापन के साथ-साथ वेबसाइट www.sjvn.gov.in के अनुसार वर्णित पात्रता मानदंड तथा अन्य शर्तों को पूरा करता है। लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/ट्रेड परीक्षा के सभी चरणों में प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों को संतोषजनक पूरा करने के अध्यधीन पूर्णतः अस्थायी होगा। अभ्यर्थी को प्रवेश-पत्र/साक्षात्कार/ट्रेड परीक्षा बुलावा-पत्र जारी करने मात्र से यह अभिप्राय नहीं है कि उसकी उम्मीदवारी को एसजेवीएन ने स्वीकार कर लिया है। एसजेवीएन वैयक्तिक साक्षात्कार के समय मूल दस्तावेजों जैसे- पीडब्ल्यूडी, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्रों, योग्यता प्रमाण-पत्रों, जन्म प्रमाण-पत्रों आदि के संदर्भ में पात्रता शर्तों की पुष्टि करेगा।

   यदि अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में सफल रहता है तथा अभ्यर्थी द्वारा दी गई सूचनाओं के आधार पर साक्षात्कार/ट्रेड परीक्षा के लिए बुलाया जाता है तथा शर्तों को पूरा नहीं करता है तो उसे साक्षात्कार में उपस्थित होने की स्वीकृति प्रदान नहीं की जाएगी।
6. उपरोक्त सभी पदों के लिए अभ्यर्थियों के पास पूर्णकालिक नियमित शैक्षणिक योग्यताएं, जो कि यूजीसी/एआईसीटीई/यथोचित सांविधिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय /संस्थान से होनी चाहिए तथा वे अभ्यर्थी जिनका अंतिम परिणाम अंतिम तिथि तक घोषित हो चुका है उन्हें पात्र माना जाएगा। **परिणाम प्रतीक्षित अभ्यर्थी आवेदन न करें।**
7. यदि किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदण्डों को पूरा नहीं करता है तो उसका/उसकी उम्मीदवारी को बिना किसी कारण बताए रद्द किया जा सकता है। इसी प्रकार पदभार ग्रहण करने के पश्चात भी यदि यह पाया जाता है कि उसने गलत सूचना अथवा किसी सूचना को छिपाया है, उसकी सेवाओं को तुरंत ही समाप्त कर दिया जाएगा।
8. केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा। प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में उन्हें साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
9. लिखित परीक्षा/ट्रेड परीक्षा/साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थी के प्रवेश के लिए पात्रता या अन्यथा के बारे में एसजेवीएन का फैसला अंतिम होगा।
10. साक्षात्कार/ट्रेड परीक्षा के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को निगम के नियमानुसार लघुतम रास्ते का द्वितीय श्रेणी का वातानुकूलित स्लीपर साधारण रेल/बस किराया सिर्फ अपने मूल टिकट पेश करने पर दिया जाएगा।
11. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करें।
12. बिना कोई कारण बताए पदों को बढ़ाने/घटाने या निचले पदों/श्रेणियों के लिए विचार करने या किसी भी पद को न भरने या न्यूनत्तम पात्रता मानदंडों को बढ़ाने /किसी भी अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द करने/या भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार प्रबंधन के पास सुरक्षित है। उपरोक्त योग्यताएं एवं अनुभव होने मात्र से ही कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार/चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाएगा।

13. इस विज्ञापन के नतीजन किसी दावे के मामले या विवाद संबंधी कोई कानूनी कार्यवाही तथा/या इसके संबंध में किसी अर्जी पर कार्यवाही केवल शिमला में अमल में लाई जा सकेगी तथा ऐसे प्रकरण/विवाद केवल अकेले एवं विशेषतः शिमला के न्यायालयों/अधिकरणों/फोरमों के क्षेत्राधिकार में आएंगे।

कृपया ध्यान दें

1. **अभ्यर्थी आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता को यकीनी बनाएं।**

अभ्यर्थी ये यकीनी बनाएं कि वे पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों। सभी चरणों में उनकी अभ्यर्थता निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन पूर्णतः अस्थायी होगी।

लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/ट्रेड परीक्षा बुलावा-पत्र के जारी किए जाने का यह मतलब नहीं होगा कि एसजेवीएन ने उसकी अभ्यर्थता को अंतिमतः स्वीकार कर लिया है।

एसजेवीएन मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता शर्तों का सत्यापन केवल साक्षात्कार/ट्रेड परीक्षा के चरण में शुरू करवाएगा।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन जमा करने के लिए ऑनलाईन पंजीकरण का आरंभ | 10 दिसंबर,2015 |
| 2 | वेबसाईट के माध्यम से आवेदनों को जमा करने की अंतिम तिथि | 31 दिसंबर,2015 |
| 3. | सहायक प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन को प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 31 दिसंबर,2015 |

**स्वयं एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा की बचत करें।**